ओरिएन्ट ने अपनी नई ब्रांड पहचान का अनावरण किया

लखनऊ। डाईवर्सिफाईड भारतीय कांग्लोमरेट, सीके बिरला समूह का अंग ओरिएंट इलेक्ट्रिकल्प ने हाल ही में अपनी नई ब्रांड पहचान 'ओरिएंट इलेक्ट्रिक' का अनावरण किया है। देश में पंखों का सबसे पुराना और सबसे बड़ा निर्माता ओरिएन्ट भारतीय पंखा उद्योग में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के स्थान से स्मार्ट होम सॉल्यूशंस प्रदान करने के लिए अगली पीढ़ी के इंटीग्रेटेड होम सॉल्यूशंस प्रोवाईडर बनने की दिशा में बढ़ रहा है।

एक विस्तृत कस्टमर अनुभव प्रदान करने के लक्ष्य के साथ ओरिएंट इलेक्ट्रिक अपने रुचिकर डिज़ाईन वाले बिजली की बचत करने वाले लाईटिंग उत्पाद, पंखे और होम अप्लायन्सेस की श्रृंखला के साथ ब्रान्ड के कुल क्वोशेन्ट को बढ़ाने के लिए तैयार है।

इस अवसर पर सीके बिरला समूह के चेयरमैन, श्री सीके बिरला ने कहा, ''ओरिएन्ट इलेक्ट्रिक एक उत्पाद कंपनी से एक लाईफस्टाईल होम सॉल्यूशंस प्रोवाईडर के रूप में विकसित हो गई है।

यह संपदन ब्रान्ड को नई पीढ़ी के युजर्स की बढ़ती हुई आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ने में समर्थ बनाएगा। भौगोलिक विस्तार ओरिएन्ट इलेक्ट्रिक को विश्वभर में अत्यधिक विकसित और उभरते हुए बाजारों में भी ले जाएगा।''

इस अवसर पर ओरिएन्ट इलेक्ट्रिक के सीईओ, श्री मनोज वर्मा ने बताया, ''नई रिपोजिशनिंग के साथ हमने अपनी इनहाउस मैन्युफैक्चरिंग और आरएण्डडी क्षमताओं का विस्तार किया है, ताकि हम बढ़ी ही सहज तरीके से दक्षता, सुरक्षा और टिकाउपन के सर्वोच्च स्तरों के साथ उत्पाद और समाधान पेश कर सकें। हमारे नए इंटीग्रेटेड अभियान 'स्विच टू स्मार्ट' में ऐसी सोच निहित है, जो आज के स्मार्ट ग्राहकों पर खरी उतरती है, जो लाईफस्टाईल और सहज समाधान तलाश रहे हैं।